डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक

पटना, 22 मार्च, बुधवार, 2023






**डॉ0 संजय कुमार**

संपादक, कांग्रेस दर्पण
सह कांग्रेस कार्यकर्ता।
संपर्क -8252667278

# श्री राहुल गांधी ने आज वायनाड में जवाहर नवोदय विद्यालय का दौरा किया, जहां उन्होंने इन युवा और उज्ज्वल दिमागों के साथ दिलचस्प बातचीत की

**जयहिंद साथियो**

आशा है आप तमाम लोग अच्छे और स्वस्थ होंगे

बहुत ही जल्द बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल मुख्यालय सदाकत आश्रम पटना में कांग्रेस सेवादल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सहयोगी शिविर लगने जा रहा है जो भी साथी  इच्छुक हैं कृपया कार्यालय प्रभारी श्री बिपिन झा (9931986181)से संपर्क कर उन्हें अपना नाम पता मोबाइल नंबर दर्ज करवाएं . प्रशिक्षण की तिथि जल्दी घोषणा होगी

धन्यवाद

**अफरोज  खान, राज्य प्रभारी,  बिहार कांग्रेस सेवा दल**



# भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा दो दिवसीय युवा क्रांति बुनियादी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**पटना।कांग्रेस दर्पण**

भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा सांगठनिक दो दिवसीय 21 और 22 मार्च को युवा क्रांति बुनियादी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पटना के जगजीवन राम शोध संस्थान में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले झंडोतोलन किया गया उसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें बिहार कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश सिंह, पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष मदन मोहन झा, विधायक विजय शंकर दुबे, आनंद शंकर, ब्रजेश पांडे, बंटी चौधरी, गुंजन पटेल उपस्थित रहें।

डा अखिलेश सिंह ने कहा की युवा कांग्रेस का इतिहास क्रांतिकारी रही है श्री सिंह ने नव निर्वाचित बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास को बधाई दी एवं युवा कांग्रेस को उनका हक देने का वादा किया।

इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल श्री निखिल कुमार सिंह ने कहा कि आज देश बहोत ही बुरा दौर से गुजर रहा है युवाओं को कांग्रेस पार्टी हमेशा मान सम्मान दिया आगे उन्होंने राजीव गांधी जी को याद करते हुए कहा कि युवाओं को वोट का अधिकार हो या अन्य अधिकार कांग्रेस पार्टी युवा के साथ कदम से कदम मिलाकर चलती है।

कार्यक्रम के दुसरे सेसन में कांग्रेस प्रवक्ता राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती अल्का लांबा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की अब युवाओं के उपर जिम्मेदारी है देश में तानाशाह राज कर रहा है इसको सत्ता से हटाने का संकल्प लेने की बात कहीं।

भारत यात्री एवं पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना ने बिहार के विभिन्न जिलों से आए युवा कांग्रेस के सभी कार्यकर्त्ता को बधाई दिया एवं संगठन पर बल देते हुए कहा की  संगठित होकर ही सरकार को सत्ता से हटा सकते हैं आने वाले दिनों में बेरोजगारी और महंगाई को लेकर आंदोलन करने को कहा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डा0 मदन मोहन झा, विधायक विजय शंकर दूबे, शकील अहमद खान, आनन्द शंकर, भारतीय युवा कांग्रेस के सचिव एवं बिहार प्रभारी राजेश सिन्हा सन्नी,पूर्व विधायक बंटी चैधरी,ब्रजेश पाण्डेय, राज कुमार राजन, प्रभात कुमार सिंह, गुंजन पटेल, ज्ञान रंजन,युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, शारीकुज्जमा फारूकी खुर्रम, अमरदीप कुमार, ईशा भारती, खुशबू कुमारी, मीडिया विभाग के चेयरमैन अमित कुमार विकास कुमार झा, सहित जिला के आये जिला अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**-रमेश कुमार, कार्यालय सचिव**
**युवा कांग्रेस बिहार**















# कांग्रेस कार्यकताओं ने की बलिया नगर पालिका क्षेत्र मे हाथ से हाथ जोड़ो पद यात्रा

पटना ।कांग्रेस दर्पण



**बलिया बेगूसराय।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर बलिया नगर पालिका कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मोङ्क तारिक के नेतृत्व मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने नगर क्षेत्र के वाडो मे पदयात्रा कर चलाई हाथ से हाथ जोड़ो अभियान इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने आम लोगो को भाईचारे बाले राहुल गाँधी का संदेश भी दिया साथ ही स्वतन्त्रता सेनानी स्वर्गीय फुचो शाह बालेश्वर आजाद मोङ्क सकूर ब्रम्हदेव मिश्र बिसूनदेव शाह कांग्रेस के बरिष्ठ नेता रहे पूर्व बिधायक समसू जोहा किष्टोपाल चौधरी बिनोद शर्मा पंकज रजक राधाकृष्ण सिंह चौधरी जैनुल आवेदिन एवं पूर्व मुखिया चौधरी इजहारूल हक और समाजसेवी रहे द्वारिका प्रसाद के घर पहुँचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित क्या कांग्रेस का यह पदयात्रा लखमिनिया पहुंचकर सभा मे तब्दील हो गई जिसे सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पूर्व कांग्रेस प्रतियासी सह अध्यक्ष बलिया पिसीसी ने कहा की आज जब देश की जनता की आवाज राहुल गांधीजी उठा रहे है देश मे भारत जोड़ो यात्रा निकालकर भाईचारे का पैगाम फैला रहे है तो मोदी सरकार ईडी सिबीआई और पुलिस उनके पीछे लगा रही है हम कांग्रेस कार्यकर्त्ता है जो डरेंगे नहीं महगाई बेरोजगारी बिक रही देश और लोकतंत्र को बचाने के लिए अबाज उठाते रहेंगे आज भारत को अडानी के हाथो गिरवी रखी जा रही है देश के जमीन पर चीन कब्ज़ा किए हुए है जम्मूकश्मीर मे चुनाव नहीं कराई जा रही है और जब राहुल गांधीजी लोकतंत्र को बचाने की अबाज उठाते है तो भाजपा कहती माफी मागो हम कांग्रेसी अग्रेज से भी लड़े है ताना शाह मोदी से भी लड़ेंगे झुकेंगे नहीं

आजके इस हाथ जोड़ो पद यात्रा मे बिधानसभा प्रभारी इरशाद आलम एसकमाल प्रखंड अध्यक्ष रेणु देवी मिथलेश सिंह नवीन सिन्हा मो सोहेल मो नवाव प्रेम कुमार मिश्र मो शाहिद जितेंद्र झा मोख्तार मेहराज ओमप्रकास पोद्दार मोङ्क फरोगुर रहमान जय प्रकास साह गंगा महतो रंजीत कुमार दीपक कुमार चंद्रशेखर पासवान मोङ्क सज्जाद अमित कुमार दामोदर महतो चंद्रशेखर सिंह संजय सिंह मो सरफराज आलम सैकड़ो कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

# पटना विभाजन विरोधी संघर्ष समिति के तत्वाधान में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया

पटना ।कांग्रेस दर्पण

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुशार आज दिनांक 21 मार्च 2023 को स्थानीय सी डी ए पटना कार्यालय के समक्ष सी डी ए पटना विभाजन विरोधी संघर्ष समिति के तत्वाधान में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता संघर्ष समिति के संयोजक प्रो विजय कुमार मिठू ने किया तथा संचालन सी डी ए सेवानिवृत कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कुमार अनुपम ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के संयोजक प्रो विजय कुमार मिठू ने कहा की देश के पूर्वोत्तर राज्यो के सैन्य प्रतिष्ठानों के लेखा, जोखा हेतु सन 1942 में पूर्व राष्ट्रपति देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद के अथक प्रयास से सी डी ए पटना की स्थापना हुई थी, परंतु विगत कई वर्षों से इस कार्यालय को विघटित कर पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थानांतरित करने का प्रयास रक्षा लेखा महानियंत्रक नई दिल्ली के आला अधिकारियों के एक खास लौबी द्वारा किया जाता रहा है , जिससे यहां कार्यरत हजारों कर्मचारियों , राज्य के जनप्रतिनिधियों, एवम् बिहार के आम आवाम में भयानक आक्रोश है।

सी डी ए सेवानिवृत कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कुमार अनुपम सिन्हा ने कहा की सी डी ए पटना में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, एवम् सिक्किम राज्यो के सैन्य प्रतिष्ठानों का लेखा, जोखा का एकमात्र कार्यालय को विघटित कर कोलकाता भेजने का पहला प्रयास सन 2019 में हुआ था परंतु संघर्ष समिति के चरणबद्ध आंदोलन एवम्




बिहार के जनप्रतिनिधियों के मांग के उपरांत केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा 19 फरवरी 2020 को पत्र निर्गत कर इस विघटन एवम् स्थानांतरण को रोका गया था , परंतु पुनः 10 मार्च 2023 को रक्षा लेखा महानियंत्रक , नई दिल्ली द्वारा आदेश जारी किया गया है।

सी डी ए पटना के अधिकार क्षेत्र में अभी लगभग 1500 कर्मचारी कार्यरत है जो मूलतः बिहार एवम् उत्तरप्रदेश के निवासी है, तथा देश के रक्षा लेखा विभाग में पूरे भारत में कार्यरत 18000 कर्मचारी है, जिसमे 8000 से अधिक केवल बिहार के कर्मचारी है ऐसी परिस्थिति में पटना स्थित सी डी ए कार्यालय को विस्तारित करने के बजाय विघटित करने का प्रयास किसी दृष्टिकोण से न्यायोचित नहीं है।

बिहार राज्य के क्षेत्रफल एवम् जनसंख्या के हिसाब से यहां केंद्रीय प्रतिष्ठानों की संख्या अन्य विकसित राज्यो की तुलना में कम है वैसे में 81 वर्षो से स्थापित सी डी ए कार्यालय को पटना से कोलकाता ले जाने का प्रयास जारी है , बिहार देश के ज्यादा कर देने वाले प्रमुख राज्यो में एक है।

धरना प्रदर्शन में शामिल नेताओ ने सी डी ए पटना के विघटन एवम् स्थानांतरण को तत्काल रोकने हेतु महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री एवम् मुख्यमंत्री बिहार से गुहार लगाते हुए विस्तृत ज्ञापन भेजने का काम किया है। अगर विघटन एवम् स्थानांतरण की प्रक्रिया 15 दिनों के अंदर नहीं रुकती है तो बाध्य होकर पटना से दिल्ली तक आंदोलन किया जाएगा।

कार्यक्रम को संघर्ष समिति के सहसंयोजक पूर्व विधायक मो खान अली, महासचिव पुरुषोत्तम मिश्रा, सचिव अमरजीत कुमार, जीवेंद्र किशोर सिंह, सुमित कुमार तिवारी, मीना सिंह, सकुंतला राठौर, टिंकू गिरी, सैयद अहमद रजा, सौरभ भारद्वाज, तमाशबीन मेहरा, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र सिंह, सहित दर्जनों लोगों ने संबोधित किया।

**भवदीय**

**कु अनुपम सिन्हा विजय कु मिठू**

**( अध्यक्ष )। ( संयोजक )**

# बिहार बोर्ड समय से पूर्व परिणाम घोषित कर पांचवी बार बना अव्वल

## कालेज आफॅ कामर्स आर्ट्स एण्ड साइंस की पूजा कुमारी को कामर्स में पांचवा स्थान

**पटना।कांग्रेस दर्पण**

इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम से एक बात स्पष्ट हो गई है कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। बेटियों ने एक बार फिर अपनी योग्यता का परचम लहरा कर पूरे देश में राज्य का नाम रौशन किया है। इस वर्ष कुल तेरा लाख अठारह हजार छात्रों ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी जिसमें छह लाख छत्तीस हजार चार सौ बत्तीस छात्राएं और छह लाख इक्क्यासी हजार सात सौ पंचानवे छात्र शामिल थे। इस वर्ष परीक्षा पास करने वालों के प्रतिशत में भी वृद्धि हुई है। इस वर्ष 82.16 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की है जबकि पिछले वर्ष 80.16प्रतिशत छात्रों को सफलता मिली थी।इस वर्ष इंटरमीडिएट



आर्ट्स, साइंस और कामर्स संकायों में लडकियों ने न सिर्फ प्रथम स्थान प्राप्त किया है बल्कि 1–10 वें स्थान तक अपना वर्चस्व बनाए रखा है। इस वर्ष कालेज आफॅ कामर्स आर्ट्स एण्ड साइंस पटना की सुश्री पूजा कुमारी ने कामर्स में पांचवां स्थान प्राप्त किया है जो महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है।मेरी और पूरे महाविद्यालय परिवार की ओर से पूजा को बधाई और शुभकामनाएं।

2023 की इंटरमीडिएट परीक्षा में तेरह लाख चार हजार पांच सौ छ्यासी छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें से दस लाख इक्यानवे हजार दो सौ अड़तालीस छात्र – छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।इस बार साइंस का पास प्रतिशत 83.93 तथा कामर्स का 93.35 रहा जबकि आर्ट्स का 82.74 प्रतिशत रहा। जैसा कि आप को मालूम है कि इंटरमीडिएट की परीक्षा 1 फरवरी से 14 फरवरी तक आयोजित की गई थी। बिहार बोर्ड ने मात्र एक महीना पांच दिनों में परीणाम घोषित कर न सिर्फ अपना पिछला रिकार्ड तोड़ा है बल्कि देश के सामने एक मिसाल पेश की है। इस उपलब्धि के लिए राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिक्षा मंत्री डॉ चन्द्रशेखर, बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर समेत शिक्षक और बिहार बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। आशा की जानी चाहिए कि भविष्य में भी बिहार, शिक्षा के क्षेत्र में देश की अगुवाई करेगा।

**प्रो. इंद्रजीत प्रसाद राय**
**प्रधानाचार्य**
**कालेज आफॅ कामर्स आर्ट्स एण्ड साइंस पटना।**






# बिहार की हकमारी कर रही है केंद्र सरकार

पटना। कांग्रेस दर्पण

केंद्रीय करों से प्राप्त धन के वितरण में बिहार सहित सभी राज्यों (गैर भाजपा शासित) की हक मारी हो रही है।

केंद्रीय करों में राज्यों का हिस्सा अहसान नहीं है। यह राज्यों का अधिकार है।

मोदी सरकार के कार्यकाल में राज्यों के उचित हिस्से में कटौती जरूर कर दी गई है। केंद्र किसी भी राज्य को खैरात नहीं देता, बिहार राज्य की जनता अपनी किस्मत लिखते हैं, बिहार के लोग मिहनत करना जानते हैं, झुकना नहीं जानते हैं।

2005 में बिहार राज्य का हिस्सा 32% था। जो हूबहू मिलता था। 2015 के बाद बिहार का यह हिस्सा घटकर 9.2% रह गया है। वर्तमान केंद्र सरकार ने गैर भाजपा शासित राज्यों को केंद्रीय करों का 42% हिस्सा नहीं दिया।

सिर्फ चुनावी राज्य में जहां भाजपा की सरकार है 42% वाला करेक्टरिया पूरा किया जा रहा है।

2019-20 में 32% 2021-22 में 29% 2022 में 30% ही दिया गया।

वित्तीय वर्ष 2023में यह सिर्फ 30% मिलेगा ऐसा प्रतीत हो रहा है। मुश्किल यह कि केंद्र समय पर भुगतान नहीं करता है।

केंद्र के रवैया से राज्यों की अर्थव्यवस्था और अपनी योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। केंद्र प्रायोजित योजनाओं की संख्या बढ़ा दी गई है, उसका राज्यांश बढ़ा दिया गया है।



नतीजा यह कि राज्य को अपनी जरूरत की योजनाओं को पूरा करने के लिए धन की कमी हो रही है।

राज्य सरकार को अपनी संसाधनों से प्राप्त धन भी केंद्र प्रायोजित योजनाओं के संबंध में खर्च करना पड़ता है।

नीति आयोग की उच्च स्तरीय कमेटी ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं को अधिकतम 35% सीमित करने की सलाह दी थी।

योजनाएं कम नहीं हुई 35 के बदले 105 पर पहुंच गई।

इस कमेटी की अध्यक्षता भाजपा शासित एक राज्य के मुख्यमंत्री को दी गई थी।

पिछले साल 25 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित राज्यों के वित्त मंत्रियों की बैठक में भी केंद्र प्रायोजित योजनाओं की संख्या कम करने की मांग की गई थी।

केंद्र से उसका कोई जवाब नहीं मिला।

एक लीटर पेट्रोल पर 20 रुपया कस्टम ड्यूटी राज्यों को देना पड़ता है, बदले में उसे मिलता है 1:40 रुपया।

**बिहार हित में सौतेला व्यवहार बंद हो, बिहार की हक मारी बिल्कुल बंद हो .........रणजीत कुमार मुखिया जी, पूर्व जिला सचिव, बेगूसराय कांग्रेस कमेटी।**

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता हेतु एक अहम बैठक

पटना। कांग्रेस दर्पण

जिला कांग्रेस कमिटी बाँका की हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता हेतु एक अहम बैठक गांधी आश्रम बांका में दिनांक25मार्च2023 रोज शनिवार को दिन के10वजे श्री संजीव कुमार सिंह अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमिटी बाँका की अध्यक्षता में आहूत है।बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रतिनियुक्ति हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के जिला प्रभारी पूर्व विधायक श्री अमित कुमार टुन्ना जी इस बैठक को सम्बोधित करेंगेएवं हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को घर-घर तक पहुचाने के लिए मार्गदर्शन करेंगे।अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं बिहार प्रदेश के द्वारा निर्देशित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारी, प्रदेश प्रतिनिधि, मोर्चा संगठन के सभी सम्मानित अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, सभी प्रखंड के सम्मानित अध्यक्ष, एवं पूर्व प्रत्यासी, सभी प्रतिनियुक्त प्रखंड प्रभारियों की उपस्थिति उक्त बैठक में प्रार्थनीय है।इस आशय की जानकारीअध्यक्ष जिला कांग्रेस कमिटी सोशल मीडियाश्री सुरेश प्रसाद यादव ने दी।






**दिनांक 22.3.2023को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत 12एल एन पी , सिहागावाली पंचायत मे सब मंडी यार्ड रिको 9बजे इकट्ठा हो कर रेली की शुरुआत करेंगे वहां से रेली के रूप में 12एल एन पी से होते हुए 11एल एन पी होते हुए रिको आवासीय कॉलोनी में समापन की जाएगी**

**निवेदक**

**रमेश चन्द्र शर्मा- ग्रामीण समन्वयक**
**भूप तालणिया -शहर समन्वयक**
**अजय चड्ढा -अध्यक्ष सेवा दल कांग्रेस**
**विकास गौड़ पी सी सी सदस्य**
**भीमराज ढुढाडा - सेवा दल कांग्रेस**
**मनोज शर्मा- सेवा दल कांग्रेस**
**हरनीत सिंह सरपंच**
**बरिजमोहन यादव -उप प्रधान**
**श्री गंगानगर**
**संजय यादव सरपंच**
**तोताराम बाजीगर उप सरपंच**

# पश्चिम बंगाल में यंग इंडिया के बोल 3 हुआ लॉन्च

## युवा कांग्रेस के जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ताओं का होगा चयन

## म्यूट तंत्र में जहां भाजपा माइक बंद करने का प्रयास कर रही है, वहीं कांग्रेस नौजवानों को माइक दे रही है : शम्स शाहनवाज

पटना। कांग्रेस दर्पण




**कोलकाता।** भारतीय युवा कांग्रेस संगठन में युवा प्रवक्ताओं के चयन के लिए पश्चिम बंगाल प्रदेश युवा कांग्रेस ने यंग इंडिया के बोल–3 की शुरुआत की। मंगलवार कोलकाता स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय बिधान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यंग इंडिया के बोल सीजन 3 का पोस्टर लॉन्च किया गया।

इस अवसर पर यंग इंडिया बोल 3 के पश्चिम बंगाल प्रभारी शम्स शाहनवाज, पश्चिम बंगाल यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अजहर मलिक, राष्ट्रीय प्रवक्ता मोमिता काली, शिक्षक सेल की कार्यकारी अध्यक्ष गोपा सेनगुप्ता, नबो कुमार रॉय, प्रदेश महासचिव मो.सरफराज, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुदीप बनर्जी, नौशाद आलम, दाबिश इश्तियाक, अमरनाथ मुखर्जी आदि मौजूद थे।

पश्चिम बंगाल प्रभारी शम्स शाहनवाज ने कहा कि यंग इंडिया के बोल के जरिए देश की युवा आवाज को एक राजनीतिक मंच मिलेगा, जिससे वो लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखेंगे। म्यूट तंत्र में जहां भाजपा माइक बंद करने का प्रयास कर रही है, वहीं युवा कांग्रेस इस कार्यक्रम से देशभर के लाखों युवाओं को माइक देगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं। यह कार्यक्रम उनकी सोच को साकार करेगा। पश्चिम बंगाल प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजहर मलिक ने कहा कि यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम युवाओं का सबसे बड़ा राजनीतिक मंच है, जहां विचारों को व्यक्त करने का मौका मिलता है, आज देश में आपातकाल जैसे हालात बनाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र की सरकार द्वारा, युवाओं की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है।

यह कार्यक्रम युवाओं को शक्ति देगा और वो देश के सामने खुलकर अपनी बात रख पाएंगे। यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 23 अप्रैल 2023 है। 18 से लेकर 35 वर्ष आयु वर्ग के युवा आवेदन कर सकते है। जिसके बाद प्रतिभागियों को जिला व राज्य स्तर तक अगले चरण के लिए चयन किया जाएगा। फाइनल प्रतियोगिता जून माह के अंत मे दिल्ली मे आयोजित कि जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं रखा गया है। युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन आवेदन का गूगल फॉर्म उपलब्ध हैं।



# 22 मार्च बिहार दिवस

# आज 111 साल का हुआ बिहार

## हर बिहारी के सम्मान व स्वाभिमान का प्रतीक है बिहार दिवस, सात समंदर पार तक फैली यहां की खुशबू

**इंजीनियर मोहिउद्दीन खान**

बिहार दिवस' बिहार के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक गौरव-बोध का पावन दिन है। 22 मार्च, 1912 को बिहार पृथक राज्य के रूप में स्वतंत्र अस्तित्व में आया, इसी कारण इस दिन 'बिहार दिवस' का आयोजन पूरे देश एवं दुनिया में बिहारवंशी करते हैं। यह अत्यन्त प्रसन्नता की बात है कि बिहार सरकार अपने गौरवशाली इतिहास एवं अपने महापुरूषों को याद करने तथा बिहार के सतत विकास हेतु संकल्पित होने के लिए वर्ष 2009 से लगातार 'बिहार दिवस' का आयोजन कर रही है।

बिहार दिवस हर बिहारी के मान-सम्मान व स्वाभिमान का प्रतीक है। राज्य की ख्याति आज पूरी दुनिया में फैली है

बिहार के मान-सम्मान और स्वाभिमान की ख्याति पूरी दुनिया में फैलाने के लिए पहली बार 2010 में 'बिहार दिवस' का आयोजन शासन के स्तर से हुआ तो सात समंदर पार तक बिहारी की मिट्टी की सोंधी सी खुशबू फैल गई। प्रदेश के गांव-गिरांव से लेकर दूर देश मॉरीशस, इंग्लैंड, अमेरिका, स्कॉटलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, कतर, त्रिनिदाद एंड टोबैगो तक बिहारी लोक संस्कृति और वीरों व विभूतियों की गाथाएं सुनी-सुनाई गईं।

.बिहार ही नहीं, दुनिया भर के बिहारियों का मिला समर्थन

विश्व गुरु बिहार के बिसर रहे किस्से-कथाओं से देश-दुनिया फिर रूबरू होने लगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'बिहार दिवस' की पहल का न केवल बिहार में, अपितु दुनिया के हर उस देश और शहर में जबरदस्त समर्थन मिला, जहां बिहारी या शुभचिंतकों का बसेरा था।

बिहार की भूमि में ही ज्ञान प्राप्त कर सिद्धार्थ भगवान बुद्ध बने। बोधगया के निरंजना नदी के तट पर कठोर तपस्या के बाद ही सिद्धार्थ की साधना पूर्ण हुई। जिस पीपल पेड़ के नीचे सिद्धार्थ को ज्ञान का बोध मिला वह आज भी बोधि वृक्ष के नाम से पूजा जाता है।

24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जन्मभूमि है बिहार

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की पवित्र जन्मभूमि होने का गौरव बिहार के वैशाली के ग्राम कुंडलपुर को प्राप्त है। अहिंसा और सत्य का ज्ञान दुनिया भर में फैलाने वाली भगवान महावीर की मोक्ष भूमि भी बिहार में ही पावापुरी में है।

बिहार के हीं थे दुनियां के महान खगोलशास्त्री आर्यभट्ट

प्राचीन भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ और खगोलशास्त्री आर्यभट्ट के आविष्कारों का गवाह बिहार की धरती रही है। ढेर सारे ऐसे प्रमाण भी मिले हैं, जिसमें यह कहा गया है कि आर्यभट्ट का जन्म बिहार में हुआ है और उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय में पढ़ाई की है। खगोल विज्ञान, गोलीय त्रिकोणमिति, अंकगणित,



बीजगणित सहित गणित व खगोल विज्ञान के ढेर सारे आविष्कारों को आर्यभट्ट ने बिहार की धरती से ही दुनिया तक पहुंचाया।

मौर्य शासन के सूत्रपात की है धरती, चाणक्य की भूमि

प्राचीन भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण और शक्तिशाली राजा माने जाने वाले चंद्रगुप्त मौर्य के साम्राज्य का सूत्रपात बिहार के पाटलिपुत्र की धरती से ही हुआ। पाटलिपुत्र ही मौर्य साम्राज्य की राजधानी भी रही है। नंद वंश का नाश करने का संकल्प लेकर चंद्रगुप्त को शासन की बागडोर तक पहुंचाने वाले आचार्य चाणक्य की भूमि होने का गौरव भी बिहार को है।

महान सम्राट अशोक की राजधानी रहा है पाटलिपुत्र

बिहार के पाटलिपुत्र को सम्राट अशोक के राज-पाट की राजधानी होने का भी गौरव हासिल है। कलिंग छोड़कर संपूर्ण भारत वर्ष सहित आज के पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार तक अशोक का शासन हुआ करता था। कहा जाता है अशोक का शासन उस समय से आज तक का सबसे विशाल साम्राज्य रहा है।अंग्रेजों के दांत खट्टे करने वाले बाबू कुंवर सिंह की धरती

आजादी के पहले संग्राम के नायक बने बाबू कुंवर सिंह की जन्मभूमि भी बिहार के ही भोजपुर का जगदीशपुर गांव है। 80 वर्ष की उम्र में भी लड़कर जीत का जज्बा रखने वाले कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के दांत खट्टे करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों की फौज के छक्के छुड़ाने वाले कुंवर सिंह ने अंग्रेजों की गोली लगने के बाद खुद ही तलवार से अपने हाथ काट लिए थे।

माउंटेनमैन ने पहाड़ों का सीना चीरने का दिखाया दम

पहाड़ों का सीना चीरकर रास्ते बनाने का दम भी बिहार में है। माउंटेनमैन के नाम से दुनिया में चर्चित हुए दशरथ मांझी बिहार के गया के गहलौर गांव के थे। केवल एक हथौड़ा और छेनी से अकेले ही उन्होंने 360 फीट लंबे, 30 फीट चौड़े और 25 फीट ऊंचे पहाड़ को काटकर सड़क बना डाली।

गर्व से कहते है हम बिहारी हैं, और बिहार मेरा गुरूर मेरा अअभिमा है।




प्रिय बंधु,

आपको ज्ञात ही है कि पूरे देश में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम चलाया जा रहा है दिनांक 18 मार्च 2023 को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आहुत बैठक जिसमें जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी भी सम्मिलित थे निर्णय लिया गया कि दिनांक 25 मार्च 2023 को सभी जिला मुख्यालयों में जिला कांग्रेस कमेटी की अति आवश्यक बैठक बुलाई जाए और उसमें सभी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सभी प्रखंडों से राज्य प्रतिनिधि विगत विधानसभा एवं लोकसभा के उम्मीदवार, कांग्रेस कमेटी के सभी स्तर के पदाधिकारी गण,

प्रमुख कांग्रेस जन मोर्चा संगठन एवं विभाग के पदाधिकारी गण ,पूर्व विधायक पूर्व सांसद आवश्यक रूप से भाग लेंगे।

इस बैठक में ज़ूम के माध्यम से माननीय प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह, हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के बिहार प्रभारी आदरणीय श्री सुबोध कांत सहाय एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से संबंधित पदाधिकारी भाग लेंगे। नव नियुक्त जिला प्रभारी श्री तारानंद सादा जी भी जिला की बैठक में भाग लेंगे।आपको ज्ञात ही है कि सभी प्रदेश डेलीगेट अपने-अपने प्रखंड के बगल वाले प्रखंड में प्रखंड प्रभारी बनाए गए हैं।

अतः सबों से अनुरोध है की दिनांक 25 मार्च 2023 दिन शनिवार को 11:30 बजे जिला कांग्रेस कमेटी में आयोजित बैठक में आवश्यक रूप से भाग ले।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

भवदीय
विमल कुमार यादव
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी, सुपौल।
दिनांक 21 मार्च 2023।




**बिहार इंटरमीडिएट के साइंस संकाय में खगरिया जिले की आयुषी नंदन बिहार टॉपर बनी आयुषी के उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ नगर कांग्रेस कमिटी नगर निगम बेगूसराय की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं बधाई**

**ब्रजेश कुमार प्रिंस पूर्व पार्षद. अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमिटी नगर निगम बेगूसराय.**



दिनांक 21 मार्च 2023 को बेमौसम बारिश होने से किसानों की फसलों का नुकसान होने पर नुकसान की भरपाई के लिए, मुआवजे की मांग को लेकर जिला/महानगर के तत्वावधान में जिलाधिकारी महोदय के प्रतिनिधि को पत्रक सौंपते हुए।

राजेश्वर सिंह पटेल (राजेश भाई)

अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी वाराणसी



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ( अनु जाति विभाग ) में प्रदेश उपाध्यक्ष रहे बरिष्ठ कांग्रेस नेता सूबेदार राकेश कुमार सागर, सेवानिवृत्त को दिनांक 21 मार्च 2023 को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति - जनजाति विकास परिषद का उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री प्रवीण मांगरिया जी एवं राष्ट्रीय सरंक्षक माननीय श्री फगन सिंह कुलस्ते जी, केंद्रीय मंत्री स्टील & इस्पात, राष्ट्रीय संयोजक माननीय श्री पीएल पूनिया जी, पूर्व सांसद एवं पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राष्ट्रीय सह संयोजक माननीय श्री सुरेश कोडीकुन्नील, सांसद व संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह, आईएएस सेवानिवृत्त तथा परिषद के उत्तर प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों को मुझे उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सभी को ह्रदय की गहराइयों से धन्यवाद व्यक्त करने के साथ ही आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि जो विश्वास आपने मुझमें व्यक्त किया है, मैं उस पर 100% खरा उतरने हेतु हर संभव प्रयास सहित कठोर परिश्रम करूंगा।

साभार धन्यवाद एवं शुभकामनाओं सहित।
सूबेदार राकेश कुमार सागर,सेवानिवृत्त प्रदेश अध्यक्ष - उत्तर प्रदेश
राष्ट्रीय अनुसूचित जाति - जनजाति विकास परिषद, नई दिल्ली

# भाजपा सरकार मे हो रहा है मानवाधिकारों का हनन -दीपक सैनी



**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

शामली जिला कांग्रेस कमेटी व ऊन ब्लाक कमेटी ने चलाया हाथ से हाथ जोडो अभियान ।

प्रियंका गांधी जी राष्ट्रीय महासचिव ब्रजलाल खाबरी जी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पुर्व सांसद एवं नसीमुद्दीन सिद्दीकी जी प्रान्तीय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर ।

ऊन ब्लॉक में कांग्रेसियों ने हाथ से हाथ जोडो अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी पत्र बांटे गए। ऊन ब्लॉक के खोकसा, अहमदगढ, ऊदपुर व बिडौली रामनगर ऊदपुर मे यूवा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गोल्डी व ऊन ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में हाथ से हाथ जोडो अभियान चलाया गया। यूवा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गोल्डी ने कहा कि मौजूदा सरकार ने देश की जनता से उनके सारे हक छीन लिए हैं। वर्तमान समय में कोई भी व्यक्ति अपने खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज तक नहीं उठा सकता। अन्याय के खिलाफ उठने वाली आवाज को दबाया जा रहा है। ऊन ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर चौधरी ने कहा कि योगी मोदी सरकार ने अत्याचार की हारी हदें पार करने का काम किया है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष दीपक सेनी, प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा, श्रीमती बिंदल, जादो राम,शनिकुमार, शकुंतला,शुभम अत्रि, रुपक तोमर,सरोज देवी, राजकुमार, उग्रसैन आदि मौजूद रहे।



# 'ये तो सब कर लोगे मियां! लेकिन मेरी गंगा कहां से लाओगे?'

पटना । कांग्रेस दर्पण



शहनाई के उस्ताद बिस्मिल्लाह खान जी एक बार अमेरिका के शिकागो विश्वविद्यालय में संगीत सिखाने गए। उनके सामने प्रस्ताव रखा गया कि आप यहीं पर रुक जाइए, यहां आपको बनारस जैसा माहौल दिया जाएगा। जवाब में उस्ताद ने कहा, 'ये तो सब कर लोगे मियां! लेकिन मेरी गंगा कहां से लाओगे?'

वे कहते थे कि ₹दुनिया में बनारस जैसी दूसरी जगह नहीं है- गंगा में स्नान, मस्जिद में इबादत और बालाजी मंदिर में रियाज।₹ पांच वक्त के नमाजी उस्ताद बिस्मिल्लाह खान हमेशा शहनाई बजाने के पहले मां सरस्वती को याद करते थे। उनकी शहनाई के सुर गंगा के तट और बनारस के मंदिरों से लेकर मोहर्रम के जुलूसों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लाल किले तक गूंजे।

देश आजाद हुआ तो पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की इच्छा थी कि जब लाल किले पर आजाद भारत का पहला ध्वजारोहण हो तो उस्ताद की शहनाई भी गूंजे। उन्हें काशी से बुलवाया गया। नेहरू जी चाहते थे कि पहले तिरंगा फहराया जाए, उसके बाद शहनाई वादन हो, लेकिन उस्ताद अड़ गए। बोले- पहले मैं शहनाई बजाऊंगा, उसके बीच आप झंडा फहराएं। उन्होंने राग काफी बजाई और शहनाई की सुरलहरियों के बीच वह ऐतिहासिक झंडारोहण हुआ। इसके बाद हर साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से उस्ताद की शहनाई गूंजने लगी।

बनारसी कजरी, चैती, ठुमरी और बनारस की भाषाई ठसक एवं लोकरस को उन्होंने शास्त्रीय संगीत की संगत देकर अमर कर दिया। अपने विचारों और शहनाई के सुरों के जरिये हिंदुस्तान की गंगा-जमुनी तहजीब को बुलंदियां देने वाले भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन।

**भारत के इतिहास में यह पहली बार है जब एक भ्रष्टाचार के एक मामले पर पर्दा डालने के लिए सरकार खुद ही संसद नहीं चलने दे रही है।**

**मोदी जी की सरकार अडानी महाघोटाले पर चर्चा और जांच से जिस तरह भाग रही है, इससे साबित होता है कि इसमें खुद सरकार की मिलीभगत है।**

**सभी विपक्षी पार्टियों ने आज फिर संसद में प्रदर्शन करके अडानी घोटाले जेपीसी गठित करने की मांग की।**

**—प्रियंका गांधी वाड्रा**










# हरिजन टोला में हाथ से हाथ जोड़ों का कार्यक्रम



पटना । कांग्रेस दर्पण

प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आज रुन्नीसैदपुर उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर 12 में स्थानीय हरिजन टोला में हाथ से हाथ जोड़ों का कार्यक्रम किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह राठौर ने किया इस अवसर पर राहुल गांधी का जो संदेश है उनका जो पत्र है घर-घर पहुंचाया गया साथ ही कांग्रेस के द्वारा जो किया गया कार्य है उसके बारे में विस्तार से चर्चा किया गया भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष माननीय श्री राहुल गांधी जी को जिस तरह से केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग कर प्रताड़ित तथा अदानी मामले को दबाने का केंद्र सरकार के द्वारा किए जा रहे प्रयास का हम इसकी घोर निंदा करते हैं।

आज देश में जिस तरह से लोकतंत्र को गला कोटा जा रहा है आज राहुल गांधी जी के आवास पर दिल्ली पुलिस के द्वारा प्रताड़ित किया जाना बदचलन महिला के द्वारा आरोप लगाना यह सब ओछी मानसिकता है बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माननीय अध्यक्ष श्री अखिलेश प्रसाद सिंह जिस तरह से कांग्रेश के संगठन को मजबूत बनाने के लिए दिन रात खून पसीना बहा रहे हैं उससे लगता है कि निश्चित रूप से बिहार में कांग्रेश एक क्रांति के रूप में उतरेगी और राहुल गांधी जी को 2024 में प्रधानमंत्री बनाने का जो लक्ष्य है वह पूरा होगा इस अवसर पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधि सा प्रभारी संजय विराट जी आलोक कुमार बाबू पटेल अली हैदर रामपुकार सरण अरुण सिंह सेवा दल मिथिलेश यादव सत्येंद्र सिंह सत्यवादी पूर्व अध्यक्ष हिफजुर रहमान नरेंद्र कुमार सिंह संजय झा लक्ष्मण पासवान साथ सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे

**भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के समर्पित सिपाही, जौनपुर, उप्र के पूर्व शहर अध्यक्ष श्री सौरभ शुक्ला के निधन का दुखद समाचार मिला। कांग्रेस विचाधारा के प्रति श्री सौरभ शुक्ला जी का समर्पण बेजोड़ था। उनके निधन से कांग्रेस परिवार को अपूर्णीय क्षति हुई है।**

**भगवान उन्हें श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोक संतप्त परिजनों को इस मुश्किल घड़ी में दुख सहने का साहस दें।**

**—प्रियंका गांधी वाड्रा**





**जय हो जन नायकजी**

**आज पधारे जोधपुर एअरपोर्ट पर मुख्यमंत्री माननीय श्री अशोक गहलोतजी साहब का हार्दिक स्वागत एवं बधाई**

**अरुण कुमार सोलंकी जोधपुर कांग्रेस सेवा दल लोहावट प्रभारी**

